# ट्रैक्टर में 3-3 ड्रम लेकर आए लोग, मंत्री बोले- परेशान मत होइए, कमी नहीं

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत रात से ही लंबी-लंबी लाइनें

**संकट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर, महराजगंज, कुशीगर, बस्ती। यूपी में एक बार फिर पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइनें दिखने लगी हैं। लगातार दूसरे दिन बुधवार को कुशीनगर, सोनभद्र, महराजगंज, गोरखपुर, देवरिया और बस्ती में कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया। हालांकि, तेल कंपनियों और अधिकारियों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

महराजगंज में 149 पेट्रोल पंपों में से सिर्फ 20 पर ही तेल मिल रहा है। इसके चलते जिले में ईंधन की




किल्लत हो गई है। लोग बड़े-बड़े डिब्बे लेकर पंपों पर पहुंच रहे हैं। लाइन लगाकर खड़े हैं। किसान देर रात में ही पंपों पर पहुंच गए थे। पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे तेजू यादव ने बताया कि सुबह 4 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन तेल मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसा ही हाल कुशीनगर और गोरखपुर में भी देखने को मिला। यहां भी पेट्रोल पंपों पर लाइनें लगी हैं। बस्ती में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर सीमा तय कर दी गई है। बाइक सवारों को 200 रुपए और कार सवारों को 1000 रुपए तक का ही ईंधन दिया जा रहा है। खाद्य एवं रसद नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडेय ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि जितनी आवश्यकता हो, उतना ही तेल भरवाएं।

> गोंडा में बुधवार को जिला जज दुर्ग नारायण सिंह सहित सभी जजों ने सरकारी गाड़ियां छोड़कर पैदल ही कचहरी पहुंची। दुर्ग नारायण सिंह अपने आवास से छाता लेकर निकले। उनके साथ अर्दली दयाशंकर तिवारी और सुरक्षाकर्मी वीरेंद्र कुमार भी थे। वे करीब 300 मीटर पैदल चलकर अपने कोर्ट रूम पहुंचे।

## गोरखपुर में गैलन लेकर पेट्रोल पंपों पर लाइन में लगे लोग

गोरखपुर के धर्मशाला भारत पेट्रोल पंप पर लंबी लाइन लगी है। लोग गैलन और बॉटल लेकर पहुंच रहे हैं। लाइन में खड़े हैं। किल्लत के बीच सिर्फ 500 रुपये का ईंधन दिया जा रहा है।

बलिया में भी कई पेट्रोल पंपों पर लंबह-लंबी कतारें दिख रही हैं। तीन दिनों से डीजल के लिए दौड़ लगा रहे युवक देवकुमार प्रजापति ने बताया- ट्रैक्टर के लिए तेल लेना था। खेतों मे जुताई का काम रुका हुआ है। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहले जहां जितनी आवश्यकता होती थी, उसके अनुसार टैंकर मिल जाता था, लेकिन इस समय एक सप्ताह में एक से दो टैंकर ही तेल मिल पा रहे हैं।

## 'सुबह 4 बजे लाइन में लगा हूं, लेकिन तेल मिलने की उम्मीद नहीं'

महराजगंज में पेट्रोल पंप पर लाइन में लगे वीर बहादुर मौर्य ने बताया कि मैं सुबह 6:30 बजे घर से निकला हूं। यहां आकर देखा तो लंबी लाइन लगी हुई थी। बारी-बारी से सबको तेल दिया जा रहा है, लेकिन बीच-बीच में पंप बंद भी किया जा रहा है।

तेजू यादव ने बताया कि वह तेल लेने के लिए सुबह 4 बजे से ही आए हैं, लेकिन तेल मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।



**चित्रकूट में पीएम मोदी की ईंधन बचाने की अपील का असर दिख रहा है। फैमिली कोर्ट के जज राकेश कुमार यादव बुधवार को अपने आवास से साइकिल चलाकर कोर्ट पहुंचे। उन्होंने लोगों से ईंधन बचाने की अपील की और कहा कि इससे पर्यावरण प्रदूषण से भी राहत मिलेगी।**

# अयोध्या में सरयू जयंती पर महाआरती होगी

## 29 जून को घाट पर सजेगी मां की झांकी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के पावन अवसर पर बड़े मंगलवार को गंगा दशहरा का पर्व अयोध्या में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां सरयू के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाएंगे और ग्रीष्म ऋतु से जुड़ी उपयोगी वस्तुओं का दान कर पुण्य अर्जित करेंगे।

परंपरा के अनुसार इस दिन मंदिरों और घाटों पर मिट्टी के घड़े, हस्तनिर्मित पंखे और मौसमी फल, खासकर आम का दान किया जाएगा। हालांकि आधुनिक समय में इन वस्तुओं की उपयोगिता कम हो गई है, लेकिन धार्मिक परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा के साथ निभाई जाती है। इस अवसर पर मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण के उपलक्ष्य में उनका प्राकट्योत्सव भी मनाया जाएगा। पहले यह आयोजन श्री अवध सरयू



सेवा समिति द्वारा किया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों से इसकी जिम्मेदारी आंजनेय सेवा संस्थान निभा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने बताया कि पिछले वर्ष सरयू जयंती उत्सव के विस्तार के साथ गंगा दशहरा से कार्यक्रमों की शुरुआत की गई थी। इस बार सरयू जयंती ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा (29 जून) को पड़ रही है, इसलिए गंगा दशहरा का अलग से एकल आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सरयू तट पर मां गंगा की भव्य झांकी सजाई जाएगी। शाम के समय झांकी के अनावरण के साथ महाआरती का आयोजन होगा।

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी ने दवा विक्रेताओं ने दुकानें बंद कराईं

वाराणसी। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर पूरे देश में आज दवा की दुकानें बंद है। इस बंदी का समर्थन वाराणसी दवा विक्रेता समिति ने भी किया है। ऐसे में वाराणसी के थोक और रिटेल की करीब 6000 दुकानें बंद है। दवा विक्रेताओं ने कहा इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। यह बंदी ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में की गई है।

### अयोध्या में भीषण गर्मी से रामभक्त बेहाल

अयोध्या। अयोध्या में आज तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ती गर्मी ने रामभक्तों को काफी परेशान कर दिया है। ऐसे में गर्मी से बचने के तमाम इंतजाम भी नाकाफी साबित होते नजर आ रहे हैं इन हालात में सरयू नदी का शीतल जल श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आया है। नदी में पहुंचने के बाद भक्त घंटों समय बिताकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं और वातावरण का आनंद ले रहे हैं। सरयू नदी का जल स्तर भी बढ़ा हुआ है। पहाड़ों से आने वाला ठंडा जल श्रद्धालुओं को काफी सुकून दे रहा है। यहां सभी आयु वर्ग के लोग पहुंचकर धार्मिक आस्था के साथ-साथ शरीर की गर्मी से भी राहत पा रहे हैं।

### गोरखपुर में काजल निषाद समेत 7 हाउस अरेस्ट

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी की नेता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी काजल निषाद को मंगलवार देर रात गोरखपुर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। काजल निषाद ने बुधवार को गोरखपुर के गीडा इलाके में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। यह प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के बैनर तले सहजनवा रेलवे स्टेशन के पास होना था।

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग 3 किमी दूर से दिखाई दे रहा धुआं

## फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों ने पाया काबू

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजियाबाद । गाजियाबाद में बुधवार को केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इससे फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं।

आग से उठता धुआं करीब 3 किमी दूर तक दिखाई दे रहा है। फ्लाईओवर से गुजर रहे लोगों ने घटना के वीडियो भी बनाए। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

आग बुझाने के लिए फायर स्टेशन घंटाघर कोतवाली और अन्य स्टेशनों से दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब 1 घंटे में फायर कर्मियों ने आग पर काबू लिया। मामला बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया का है। फायर विभाग ने लगभग 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया।



फिलहाल कूलिंग का कार्य जारी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इसके अलावा वैशाली, मोदीनगर और नोएडा से भी 7 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया। आग पर काबू पाने के लिए वाटर ब्राउजर और फोम टैंकर का भी इस्तेमाल किया गया।

**आग बुझाने के लिए वाटर ब्राउजर और फोम टैंकर का भी इस्तेमाल किया**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शाम 4:02 बजे फायर विभाग को बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही घंटाघर कोतवाली से 5 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।

## व्यवस्थाओं का जायजा लिया, कमियां दूर करने के निर्देश दिए

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हाथरस। हाथरस में जिलाधिकारी अतुल वत्स ने बागला संयुक्त जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपचार के लिए आए मरीजों और तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, पर्चा काउंटर, चिकित्सक कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स-रे कक्ष और ऑक्सीजन प्लांट सहित विभिन्न विभागों का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने मरीजों की भीड़,




कतार व्यवस्था और उपचार प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। औषधि संग्रह कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवा वितरण पंजिका और उपलब्ध दवाओं की समाप्ति तिथि का मिलान किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं और किसी भी स्थिति में बाहरी दवाएं लिखने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी दवा वितरण काउंटरों को सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को भीड़ और असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सुविधा, बैठने की व्यवस्था और कतार प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के निर्देश भी दिए।



> अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जांच कार्य को निर्धारित तिथि और सीरियल नंबर के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे शिकायतों की संभावना कम होगी और मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## देवरिया में लड़की ने लगाया रेप का आरोप, बोली- 7 साल से अफेयर था

# निकाह के दिन दूल्हे को पुलिस पकड़ ले गई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

देवरिया। घर में निकाह की तैयारियां चल रही थीं। दूल्हा सज रहा था। कुछ ही देर में बारात निकलने वाली थी। तभी पुलिस आ धमकी और दूल्हे को रेप के आरोप में गिरफ्तार कर ले गई।

पुलिस का कहना है कि युवक के खिलाफ एक लड़की ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। उसी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी की गई। लड़की का आरोप है कि युवक का उससे 7 साल तक अफेयर रहा। उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी करने की बात से मुकर गया। अब किसी और लड़की के साथ निकाह करने जा रहा है। मामला



पुलिस ने कोर्ट के आरोपी जीशन को जेल भेज दिया है।

देवरिया जिले का है।

घटना जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर दूर खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला जीशान खान (28) सउदी में कारपेंटर का काम करता है। 19 मई को जीशान का निकाह होना था। बारात बिहार के रानी पट्टी जानी थी। 13 मई को जीशान छुट्टी लेकर गांव आया था। घरवालों ने बताया कि मंगलवार दोपहर घर में बारात निकलने की तैयारियां चल रही थीं। तभी पुलिस पहुंची और जीशान को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

> लड़की का दावा है कि जीशान करीब 2 साल पहले काम के सिलसिले में सऊदी अरब चला गया था। इस दौरान भी वह लगातार फोन पर बात करता रहा। शादी करने का आश्वासन देता रहा।

### विदेश से लौटा तब निकाह का पता चला

लड़की ने बताया- घरवालों ने जीशान का रिश्ता दूसरी लड़की से तय कर दिया था। लेकिन, जीशान ने यह बात मुझसे छिपाए रखी। 13 मई को जब जीशान गांव लौटा, तो मैंने उससे मिलने की कोशिश की। लेकिन, जीशान ने इनकार कर दिया। तब जाकर मुझे उसकी शादी तय होने की बात पता चली।

### तीन भाइयों में मंझला है आरोपी

गांव वालों ने बताया कि जीशान 3 भाइयों में मंझला है। उसके पिता खेती-बाड़ी करते हैं। बड़ा भाई भी विदेश में ही रहता है। जबकि, आरोप लगाने वाली लड़की ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रखी है। प्रभारी थानाध्यक्ष जेपी सिंह ने बताया कि रेप के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लड़की का मेडिकल कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# राहुल गांधी को जमीनी हकीकत नहीं पता : मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

## मंत्री ने कहा- उन्हें न सब्जी का भाव पता है न किसानों का हाल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जमीनी हकीकत का कोई अंदाजा नहीं है और उन्हें सब्जी के भाव या किसानों का हाल नहीं पता। यह टिप्पणी उन्होंने खुर्जा में आयोजित भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर' में की।

कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी के ₹देश में आर्थिक भूचाल आने वाला है₹ वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कभी किसानों के बीच नहीं गए, इसलिए ऐसी अनर्गल बातें करते हैं।



स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से गरीबों तक पहुंच रहा है। इस दौरे के दौरान जल शक्ति मंत्री ने सादगी की मिसाल पेश की। उनके कार्यालय ने पहले ही निर्देश जारी कर कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से वाहनों के काफिले के साथ रास्ते में अगवानी न करने की अपील की थी। सभी लोग सीधे कार्यक्रम स्थल पर ही पहुंचे। 'Z' श्रेणी सुरक्षा के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा, डॉ. भोला सिंह, विधायक मीनाक्षी सिंह, लक्ष्मी राज सिंह, सीपी सिंह, देवेंद्र लोधी और प्रदीप चौधरी सहित जिला अध्यक्ष विकास चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष अतुल तेवतिया और विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी मौजूद रहे। इनके अलावा, सांसद प्रतिनिधि ठाकुर सत्य प्रकाश सिंह, खुर्जा नगर पालिका अध्यक्ष अंजना भगवानदास सिंघल, नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा और राम दिवाकर जैसे कई पदाधिकारी व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आयोजन : राहत एवं बचाव कार्यों का किया प्रदर्शन, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने का प्रदर्शन**

# बाढ़ आपदा से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र के हेतमापुर स्थित घाघरा सरयू नदी तट पर बुधवार को संभावित बाढ़ आपदा से निपटने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। रामनगर उपजिलाधिकारी आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर राहत एवं बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और समन्वय ही



जनहानि को कम करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों ने नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, तेज बहाव में बचाव अभियान चलाने, नावों के जरिए राहत सामग्री पहुंचाने तथा घायल लोगों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने का प्रदर्शन किया। जवानों ने आधुनिक उपकरणों, लाइफ जैकेट, रेस्क्यू बोट और अन्य सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करते हुए बताया कि किस प्रकार बाढ़ जैसी विकट परिस्थितियों में लोगों की जान बचाई जा सकती है। मॉक ड्रिल को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। तहसीलदार विपुल सिंह ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान घाघरा सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना बनी रहती है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और किसी भी आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा।



> तहसीलदार विपुल सिंह ने भी मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ आने पर प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर राहत शिविरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।




### बाढ़ के दौरान अफवाहों से बचें

टीमों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि बाढ़ के दौरान अफवाहों से बचें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा सुरक्षित स्थानों की ओर समय रहते प्रस्थान करें। लोगों को यह भी समझाया गया कि नदी के बढ़ते जलस्तर के दौरान अनावश्यक रूप से नदी के किनारे न जाएं और बच्चों पर विशेष निगरानी रखें।

### अयोध्या में ई-फार्मेसी के खिलाफ सड़क पर उतरे केमिस्ट

अयोध्या। अयोध्या में ऑनलाइन दवा बिक्री और अवैध ई-फार्मेसी के विरोध में बुधवार को फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले दवा व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने पहले शहर में बाइक रैली निकालकर नारेबाजी की और बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। केमिस्ट एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि बिना लाइसेंस और नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रही ई-फार्मेसी आम जनता के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भारी छूट देकर दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे स्थानीय मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है और कई दुकानें बंद होने की कगार पर पहुंच गई हैं। इसका सीधा असर मरीजों और आम लोगों पर पड़ रहा है।

# नमाज के लिए जगह तय हैं : मंत्री दारासिंह चौहान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झांसी। झांसी पहुंचे प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़क पर नमाज को लेकर दिए गए बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि नमाज हो या पूजा, उसके लिए स्थान निर्धारित हैं और धार्मिक आयोजन वहीं होने चाहिए। सर्किट हाउस पहुंचे मंत्री करीब एक घंटे देरी से पहुंचे। देरी का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि कानपुर देहात में एक स्कूल बस हादसा हो गया था, जहां वह बचाव कार्य में लगे थे। इसके चलते उनका कार्यक्रम प्रभावित हुआ। झांसी पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में जेल मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार जेलों में सिर्फ बंदियों को रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके नैतिक और सामाजिक सुधार पर भी काम कर



रही है। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन बंदियों के पुनर्वास और सुधार की दिशा में काम कर रहा है, ताकि रिहाई के बाद वे नया जीवन शुरू कर सकें। प्रदेश की जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों के सवाल पर दारा सिंह चौहान ने कहा कि ओवरक्राउडिंग की समस्या काफी हद तक कम हुई है। नई जेलों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है और आने वाले समय में यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नमाज संबंधी बयान पर उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में भी पूजा और नमाज के लिए तय स्थानों का उल्लेख है। मुख्यमंत्री ने जो कहा, वह सही कहा है।

# बिजली ग्रुप में आया मैसेज बना रहस्य

**हड़कंप**

## 'पावर हाउस पहुंचकर आत्महत्या' मैसेज से अलर्ट हुई पुलिस

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । अकबरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को बिजली विभाग के एक व्हाट्सएप ग्रुप में आए एक संदेश ने पूरे सिस्टम को अलर्ट मोड पर ला दिया। संदेश में आत्महत्या की चेतावनी लिखी होने के बाद पुलिस और एलआईयू टीम ने तत्काल लोकेशन ट्रेस कर कार्रवाई शुरू की।

कुछ ही मिनटों में अकबरपुर थाना पुलिस गौहन्ना बाईपास स्थित निर्मल वाटर कंपनी पहुंची। वहां मौजूद संचालक संदीप निषाद से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। शुरुआती पूछताछ में मामला बिजली कटौती और आर्थिक दबाव से जुड़ा सामने आया।

संचालक के मुताबिक उनका प्लांट मरैला फीडर से जुड़ा है, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बिजली



वाटर प्लांट संचालक के बयान से मचा हड़कंप

की अनियमित आपूर्ति चल रही है।बिजली आती है तो कुछ ही मिनटों में कट जाती है। इसी बीच मशीनें पूरी तरह चालू भी नहीं हो पातीं। बार-बार ट्रिपिंग से पूरा उत्पादन सिस्टम ठप हो गया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, यही तकनीकी समस्या धीरे-धीरे आर्थिक संकट में बदल गई और तनाव बढ़ता चला गया। टीम

> संचालक ने बताया कि बिजली संकट के कारण प्लांट पूरी तरह ठप है। मजदूरों की मजदूरी और बैंक लोन की किस्तें दोनों ही प्रभावित हो रही हैं।पुलिस के अनुसार, आर्थिक दबाव और लगातार नुकसान के कारण मानसिक तनाव बढ़ा, जिसके बाद यह संदेश सामने आया।

जब प्लांट पर पहुंची तो संचालक मौजूद मिले। बातचीत के बाद स्थिति शांत हुई। लेकिन मौके पर विद्युत विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचा, जिसे लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई।अकबरपुर थाना प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने पुष्टि की कि ग्रुप में आए संदेश की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और व्यक्ति को समझाकर स्थिति नियंत्रित की गई।

### व्हाट्सएप ग्रुप में लिखा संदेश बना जांच का केंद्र

घटना का सबसे संवेदनशील मोड़ तब आया जब बिजली विभाग के ग्रुप में एक संदेश पोस्ट हुआ। उसमें लिखा गया था कि संचालक पावर हाउस पहुंचकर आत्महत्या करने जा रहे हैं। संदेश वायरल होते ही मामला केवल शिकायत नहीं रहा, बल्कि सुरक्षा अलर्ट में बदल गया। पुलिस और एलआईयू ने इसे संभावित आपात स्थिति मानकर तुरंत रेस्पॉन्स दिया।

घटना ने एक बार फिर छोटे उद्योगों पर बिजली आपूर्ति के प्रभाव को चर्चा में ला दिया है।ग्रुप में आए एक संदेश ने जहां प्रशासन को अलर्ट किया, वहीं पूरे मामले ने तकनीकी खराबी, आर्थिक संकट और जवाबदेही के बीच एक अनसुलझी कड़ी छोड़ दी है।

# फेसबुक लाइक का लालच बना जाल, 31 हजार की साइबर ठगी

तमसा संकेत, संवाददाता

## एक आईडी, एक ऑफर और ठगी की शुरुआत

अंबेडकरनगर । अकबरपुर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर एक सामान्य बातचीत धीरे-धीरे साइबर ठगी की परतों में बदल गई। मामला हाजीपुर की अनीता से जुड़ा है, जो फेसबुक पर रील्स बनाकर पोस्ट करती हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात फेसबुक पर 'लक्ष्मण चौहान' नाम की आईडी से हुई। शुरुआती बातचीत बिल्कुल सामान्य लगी, लेकिन जल्द ही यह बातचीत एक ऑफर में बदल गई। आरोपी ने दावा किया कि वह उनके वीडियो के लाइक और कमेंट बढ़ा सकता है। इसके लिए सिर्फ 1019 रुपये की जरूरत बताई गई। यह रकम ही पूरे खेल का पहला कदम साबित हुई। भुगतान के बाद बातचीत का स्वर बदलने लगा और भरोसे की जगह तकनीकी निर्देशों ने ले ली। कुछ समय बाद अनीता के बैंक खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन में कुल 30 हजार रुपये निकल गए।



यह पूरा लेन-देन इस तरह हुआ कि मोबाइल पर सामान्य मैसेज आते रहे, लेकिन असल में खाते से पैसे गायब होते रहे। कुल मिलाकर 31 हजार 19 रुपये की राशि ठगी की चपेट में आ गई। ठग ने इसके बाद भी 6 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की। इसी मांग ने पूरे खेल की परत खोल दी। पीड़िता को लगा कि यह कोई प्रमोशन नहीं, बल्कि सुनियोजित साइबर फ्रॉड है। लेकिन तब तक डिजिटल ट्रेल अपना काम कर चुका था और पैसा निकल चुका था। घटना के बाद अनीता ने अकबरपुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल श्रीनिवास पांडेय के अनुसार यह मामला साइबर फ्रॉड से जुड़ा है और तकनीकी जांच के जरिए आरोपी की पहचान की जा रही है। जांच में सामने आया कि इस तरह के मामलों में पहले छोटे ऑफर दिए जाते हैं, फिर धीरे-धीरे बैंक खाते तक पहुंच बनाई जाती है। इस घटना ने एक बार फिर दिखाया कि सोशल मीडिया पर 'लाइक बढ़ाने' जैसे ऑफर कई बार असल में साइबर ठगी का पहला कदम होते हैं।

**फास्ट न्यूज**

### समान वेतन और सुविधाओं की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे पीआरडी जवान

अंबेडकरनगर । पीआरडी जवान पतिराम ने समान कार्य के बदले समान वेतन और सुविधाओं की मांग को लेकर उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में याचिका दायर की है।जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पीआरडी जवान लंबे समय से पुलिस विभाग के साथ विभिन्न जिम्मेदारियों में ड्यूटी कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें पुलिस कर्मियों के समान वेतन, सुविधाएं और अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं।

### 20 साल की सेवा के बाद कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन रेनू सिंह सेवानिवृत्त

अंबेडकरनगर । कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कटेहरी में वार्डन रेनू सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यालय में 20 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद अवकाश ग्रहण किया। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाओं, छात्राओं और पूर्व छात्राओं ने भाग लिया। समारोह में जिला समन्वयक सत्य प्रकाश मौर्या, किरण सिंह, लालचंद समेत विभिन्न ब्लॉकों की वार्डन और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### गैस पाइप लाइन कार्य के दौरान टूटी पानी की मेन लाइन

अंबेडकरनगर । अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में गैस पाइप लाइन डालने के दौरान पानी की मेन सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पंडा टोला क्षेत्र में हुई इस घटना से इलाके में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। जानकारी के अनुसार आयुर्वेदिक अस्पताल के पास खुदाई के दौरान पानी की पाइप लाइन में बड़ा छेद हो गया, जिससे पानी का रिसाव शुरू हो गया और सप्लाई ठप पड़ गई।

# अंबेडकरनगर भक्तिमय जगह जगह भंडारे और सुंदरकांड पाठ

## अकबरपुर कोतवाली में हुआ सुंदरकांड पाठ

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार पर अंबेडकरनगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड पाठ, भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रमों में शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर अकबरपुर कोतवाली परिसर में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ सिटी नीतीश कुमार तिवारी और कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडे की मौजूदगी में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

कोतवाली परिसर में आयोजित भंडारे में जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह भी पहुंचीं। दोनों अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालुओं को



प्रसाद वितरित किया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन लोगों के बीच आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि बड़े मंगलवार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए, जिसके लिए व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई थीं। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम सक्रिय रही। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और शांतिपूर्ण आयोजन प्रशासन की प्राथमिकता रही।

# एसपी ने ली समीक्षा बैठक कटेहरी बाजार में पैदल गश्त

## विवेचकों को दिए जांच निस्तारण के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना अहिरौली का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी विवेचकों की ओआर (ऑफिसियल रिव्यू) ली गई और लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।एसपी प्राची सिंह ने कहा कि जांच कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विवेचकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर



आने वाले मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े।

निरीक्षण के बाद एसपी प्राची सिंह ने अहिरौली थाना क्षेत्र के कटेहरी बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।गश्त के दौरान एसपी ने आमजन से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए पुलिस की सक्रियता की जानकारी दी गई।

पैदल गश्त के दौरान एसपी ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित माहौल का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार क्षेत्र में सक्रिय है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की मौजूदगी पर संतोष जताया।

एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी रखी जाए।

# जिला कारागार अंबेडकरनगर में विधिक साक्षरता शिविर

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। जिला कारागार में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन सचिव (पूर्णकालिक) नीलम वर्मा ने किया। इस दौरान कारागार का निरीक्षण भी किया गया।

शिविर में कारागार अधीक्षक शिव मूरत सिंह, डिप्टी जेलर सूर्यभान सरोज, तेजवीर सिंह और शीतल जैसवाल, चिकित्साधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पीएलवी और जेल कर्मियों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में बंदी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, मानवाधिकार और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### निःशुल्क विधिक सहायता और मानवाधिकारों की दी गई जानकारी

सचिव नीलम वर्मा ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि यदि बीएनएसएस की धारा 479 से संबंधित कोई विचाराधीन बंदी जेल में निरुद्ध है तो उसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही ऐसे बंदियों की जानकारी भी मांगी गई जिनकी जमानत अदालत से मंजूर हो चुकी है, लेकिन जमानतदार नहीं मिलने के कारण उनकी रिहाई नहीं हो पा रही है। कहा गया कि ऐसे मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्रवाई कर बंदियों की रिहाई का प्रयास करेगा।

## अंबेडकरनगर में धोखाधड़ी की परतें खुलीं एक बैनामा, दो वादे और फिर शुरू हुआ खेल

# 62 लाख का 'डबल सौदा', जमीन गायब

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जमीन के नाम पर हुए एक सौदे ने धीरे-धीरे ऐसा मोड़ लिया, जिसने पुलिस जांच को एक जटिल लेन-देन के जाल में उलझा दिया। मामला शहजादपुर क्षेत्र से जुड़ा है, जहां एक जमीन सौदा पहले सामान्य बैनामे की तरह शुरू हुआ, लेकिन आगे चलकर वही मामला धोखाधड़ी के बड़े नेटवर्क में बदल गया।

शुरुआती सौदे में औरंगनगर पहितीपुर की भूमि का बैनामा हुआ था। इसके बाद जब खरीदार ने निर्माण शुरू करने की कोशिश की तो बगल के खातेदार ने काम रुकवा दिया। यहीं से कहानी में पहला मोड़ आया। पैसे मिलने के बाद लगातार टालमटोल शुरू हो गई। दिन बीतते

### 62 लाख की दूसरी डील, और '10 दिन का भरोसा'

विवाद के बाद जमीन विक्रेताओं से बातचीत फिर शुरू हुई। आरोप है कि इसी दौरान दूसरी जमीन दिखाकर नया सौदा 62 लाख रुपये में तय किया गया। इस बार भरोसा दिलाने के लिए नए नाम सामने आए—रामप्रकाश तिवारी और आदर्श पांडेय। दावा किया गया कि 10 दिन के भीतर बैनामा पूरा कर दिया जाएगा। इसी भरोसे पर खरीदार पक्ष ने अजय कुमार और अशोक कुमार के खातों में 31-31 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

गए, लेकिन न बैनामा पूरा हुआ और न जमीन का कब्जा मिला।

पीड़ित पक्ष को बाद में जानकारी मिली कि जिस जमीन पर सौदा हुआ था, उसे किसी तीसरे व्यक्ति को भी बेच दिया गया है। इसके बाद मामला सीधे पुलिस तक पहुंचा।

शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ और पहले




> पुलिस का मानना है कि इस पूरे मामले में लेन-देन और जमीन के दस्तावेजों के पीछे और भी कड़ियां जुड़ी हो सकती हैं। इसलिए आगे की जांच में पूरे नेटवर्क और अन्य संभावित लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है।

रामप्रकाश तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। लेकिन जांच यहीं नहीं रुकी। विवेचना के दौरान पुलिस को फिरोजाबाद के खेरगढ़ क्षेत्र के कुड़ी गांव के कमलेश और रामसेवक की भूमिका के संकेत मिले। जांच में इनके नाम सामने आते ही मामला एक अकेली धोखाधड़ी से बढ़कर संगठित नेटवर्क जैसा दिखने लगा।

पुलिस टीम ने मंगलवार रात कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सुखारीगंज के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान किसी तरह की खुली टकराव की स्थिति नहीं बनी।

निरीक्षक श्रीनिवास पांडेय के अनुसार दोनों को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# दहेज उत्पीड़न केस में गैर जमानती वारंट के बावजूद गिरफ्तारी नहीं

## जलालपुर पुलिस पर उठे सवाल अदालत की सख्ती के बाद भी आरोपी फरार

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर । दहेज उत्पीड़न के एक मामले में गैर जमानती वारंट (NBW) जारी होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। अदालत की ओर से सख्त टिप्पणी के बाद भी आरोपी खुलेआम घूमता रहा।मामले में अदालत ने पुलिस की "शिथिलता और उदासीनता" को अत्यंत आपत्तिजनक बताया है। इसके बाद क्षेत्र में पुलिस की भूमिका को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

मामला थाना जलालपुर क्षेत्र के हाजीपुर गांव से जुड़ा है। पीड़िता मिथिलेश का विवाह 1 फरवरी 2024 को अमरजीत जायसवाल से हुआ था।आरोप है कि शादी के बाद अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये



की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। विरोध करने पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया।

पीड़िता के अनुसार 27 अप्रैल 2025 को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया और उसके जेवरात भी छीन लिए गए।इसके बाद 29 नवंबर 2025 को जब वह ससुराल पहुंची तो आरोप है कि उसके साथ दोबारा मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़िता ने जनवरी और फरवरी 2026 में थाना जलालपुर में कई बार प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की। लेकिन आरोप है कि पुलिस स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।मामला बाद में न्यायालय पहुंचा, जहां महिला थाना अंबेडकरनगर में मु0अ0सं0 105/2025 के तहत दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। सूत्रों के अनुसार आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट 7 मार्च 2026 को ई-मेल के माध्यम से थाना जलालपुर भेजा गया था। इसके बावजूद गिरफ्तारी नहीं की गई।

अदालत ने 15 मई 2026 को सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि कई तारीखों से वारंट तामील नहीं कराया गया और रिपोर्ट भी पेश नहीं की गई। अदालत ने इसे गंभीर लापरवाही बताया।

# त्रिलोकपुर जरी-जरदोजी क्लस्टर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## उत्पादन, डिजाइन और विपणन व्यवस्था की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । टांडा क्षेत्र स्थित त्रिलोकपुर में संचालित जरी-जरदोजी स्टिचिंग एंड एम्ब्रायडरी क्लस्टर का मंगलवार को अधिकारियों की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र और उत्पादन इकाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। टांडा एसडीएम डॉ. शशि शेखर, अकबरपुर एसडीएम प्रतीक्षा सिंह और जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के सहायक उपायुक्त अजय शर्मा ने क्लस्टर में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों ने डिजाइनिंग, कारीगरी, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जरी-जरदोजी उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को करीब से देखा। टीम ने कारीगरों और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों से बातचीत कर प्रशिक्षण के दौरान



आने वाली समस्याओं की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने तैयार उत्पादों की डिजाइन और बारीक कारीगरी की सराहना की। साथ ही गुणवत्ता बनाए रखने और बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। क्लस्टर प्रबंधक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अधिकारियों को उत्पादन प्रक्रिया और बाजार आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र में तैयार किए जा रहे जरी-जरदोजी उत्पाद स्थानीय बाजार के अलावा अन्य जिलों और क्षेत्रों में भी भेजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**निर्देश : डीएम ने जारी की सतर्कता एडवाइजरी, दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर न निकलने की अपील**

# हीट वेव का बढ़ा असर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव को देखते हुए डीएम ईशा प्रिया ने जिलेवासियों के लिए सतर्कता एडवाइजरी जारी की है। डीएम ने कहा कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। ऐसे में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें।

डीएम ईशा प्रिया ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का ध्यान रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लापरवाही से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

जिले में सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय सड़कों और



बाजारों में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। कई इलाकों में लोग छांव और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए।

डीएम ईशा प्रिया ने कहा कि लोग बिना जरूरी काम के घरों से बाहर न निकलें। बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।

तेज गर्मी का असर सबसे ज्यादा मजदूरों, किसानों और राहगीरों पर पड़ रहा है। खुले में काम करने वाले लोगों को लू और तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कई लोगों में चक्कर, कमजोरी और

> मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। इसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। डीएम ईशा प्रिया ने सभी संबंधित विभागों को जरूरी तैयारियां बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

डिहाइड्रेशन की शिकायतें बढ़ रही हैं।

डीएम ईशा प्रिया ने लोगों से अपील की कि गर्मी को हल्के में न लें और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें।

### स्वास्थ्य विभाग को दिए गए विशेष निर्देश

डीएम ईशा प्रिया ने स्वास्थ्य विभाग को सभी सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पताल में लू से बचाव के पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में ओआरएस पैकेट, जरूरी दवाएं और ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि गर्मी से प्रभावित मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। अस्पतालों में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए।

# सात दिवसीय निःशुल्क ताईक्वांडो समर कैंप शुरू

## 56 बच्चों ने पहले दिन लिया प्रशिक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बसखारी स्थित कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार से सात दिवसीय निःशुल्क ताईक्वांडो समर कैंप शुरू हुआ। कैंप का आयोजन अंबेडकरनगर ताईक्वांडो एसोसिएशन की ओर से किया गया है। कैंप और फ्यूचर ताईक्वांडो एकेडमी का उद्घाटन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राम केश मौर्य ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और उन्हें नई गतिविधियां सीखने का अवसर मिलता है।

अंबेडकरनगर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव मंगेश कुमार मन ने बताया कि समर कैंप के पहले दिन विभिन्न स्कूलों के 56 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने



कोरियन मार्शल आर्ट ताईक्वांडो की तकनीकों को सीखने में रुचि दिखाई। कैंप में बच्चों को बेसिक तकनीक, आत्मरक्षा और खेल के नियमों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण एसोसिएशन के कोच मो. मेराजुद्दीन अंसारी द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कोच अभिषेक मौर्य, कंपोजिट विद्यालय गदायां के राज्य स्तरीय खिलाड़ी राज विश्वकर्मा, अनुराज और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी मकसूद आजम भी मौजूद रहे। इसके अलावा खिलाड़ी हर्ष और उत्कर्ष ने भी बच्चों को प्रशिक्षण गतिविधियों में सहयोग किया।

## मेरठ आईआईएमटी यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट, परिजनों ने कहा- कॉलेज वाले कैमरा नहीं दिखा रहे

# गर्ल्स हॉस्टल की छत से गिरी छात्रा, मौत

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ। मेरठ IIMT यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल की छत से सोमवार सुबह एक छात्रा की गिरकर मौत हो गई। ऊपर से गिरने के कारण छात्रा का चेहरा खून से लथपथ था। उसका सिर फट गया था। छात्राओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को घटना की जानकारी दी। यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रा को अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा एमबीए फाइनल ईयर में पढ़ती थी। वह सहारनपुर की रहने वाली थी। बड़ी बहन ने कहा- मेरी सुबह बात हुई थी, तब तो वह खुश थी। अपना फाइलवर्क करके मैडम से मिलने जाने वाली थी। जब हम लोग यहां पर पहुंचे, तो पुलिस शव ले जा चुकी थी। कॉलेज वाले कैमरे भी नहीं दिख रहे है। तब फिर हमने अनु की टीचर को कॉल किया, उन्होंने बताया कि वो गिर पड़ी है, उसके चोट लगी है। उसे हमने कॉलेज के ही अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके बाद हम यहां मेरठ के लिए आने लगे जब हम यहां पहुंचे तो पता चला कि उसकी डेडबॉडी को पुलिसवाले ले गए हैं। न हमें कैमरा दिखा रहे हैं न ही इनके पास फोटो हैं। हमारी लड़की तो जिंदा थी लेकिन कॉलेज प्रशासन ने हमें कुछ नहीं बताया न ही उसका सही से इलाज कराया है।



अनु गुप्ता, मृतक

### तीसरी मंजिल पर रूम नंबर- 67 में रहती थी

सहारनपुर की रहने वाली अनु गुप्ता गंगानगर स्थित आईआईएमटी के सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। वह हॉस्टल की तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 67 में रहती थी। बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे उसका शव खून से लथपथ हॉस्टल के नीचे बने जिम के बाहर पड़ा था। काम करने वाली मेड ने सबसे पहले छात्रा की डेडबॉडी को देखा। उसने अन्य छात्राओं को बताया। अन्य छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन को जानकारी दी। फिर सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

### बहन से सुबह बात हुई थी, तब तो खुश थी

अनु गुप्ता की बड़ी बहन तनु गुप्ता ने बताया- अनु मेरी छोटी बहन है। मेरी सुबह 9 बजे लास्ट बात हुई थी। इससे पहले भी हमारी बात हुई थी, उसने मुझसे कहा कि मैं अभी फाइलवर्क कर रही हूं। इसके बाद नाश्ता करूंगी फिर फाइलवर्क पूरा करके मैडम के पास जाऊंगी।

इसके बाद अनु की मेरी दूसरी बहन से बात हुई उससे कहा कि 10 बजे मैडम से मिलना है। बाद में बहन का फोन रूममेट ने उठाया। तब उसने कहा कि दीदी अनु कमरे में नहीं हैं, उसका फोन यहां कमरे में रखा है वो बाहर गई है और एक लड़की की लाश मिली है हॉस्टल में।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की।

**एसपी देहात ने बताया कि सूचना मिली थी कि आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में एक छात्रा की डेडबॉडी मिली है। सूचना पर तुरंत ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की है।**

## 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोजपा रामविलास : पवन वर्मा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। दिल्ली-आगरा हाईवे स्थित एक होटल में बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश पश्चिमांचल की प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमांचल प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पवन वर्मा ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर अपने बलबूते चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने पार्टी के मिशन "क्यों मांगे उधार, अब अपना नेता है तैयार" को दोहराते हुए कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पीडीए के नेता अखिलेश यादव वंचित समाज को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अब उन्हें मान्यवर कांशीराम को भारत रत्न दिलाने की याद आ रही है, जबकि कांग्रेस की सरकारों के समय ऐसा क्यों नहीं किया गया। पवन वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को दो-दो बार लोकसभा चुनाव हराने का काम किया था। उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके संघर्षों के चलते संसद के सेंट्रल हॉल में बाबा साहब आंबेडकर का चित्र स्थापित हुआ तथा उन्हें भारत रत्न दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए।

**फास्ट न्यूज**

### 10 करोड़ से बन रही सड़क पर चलना मुश्किल

कानपुर। कानपुर शहर में सीएम ग्रिड रोड स्कीम के तहत बन रही सड़कें जनता के लिए मुसीबत बन चुकी हैं। दो फेज में बन रही दस सड़कों में पहले फेज की सड़कों की डेडलाइन पूरी होने के बाद भी सड़कों का निर्माण अधूरा है। कल्याणपुर बगिया क्रॉसिंग से कल्याणपुर केसा चौराहे तक 10 करोड़ 21 लाख की कीमत से 1.150 किमी की सड़क निर्माण में हीलाहवाली से स्थानीय लोग परेशान हैं।

### सपा सांसद को जान से मारने की धमकी

आगरा। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को अनजान नंबरों से जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने मामले की शिकायत डीजीपी राजीव कृष्ण से की थी। इसके बाद थाना हरीपर्वत में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है। राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने बताया कि कुछ समय से उन्हें मोबाइल पर कॉल और संदेश के जरिए धमकियां मिल रही थीं। 5 मार्च को एक नंबर से मोबाइल पर संदेश भेजे गए। संदेश में पिछड़ों और मजबूरों की आवाज उठाने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। उस नंबर से पहले भी कॉल और संदेश भेजकर धमकाया जा चुका है।

### गोरखपुर में पेट्रोल के लिए मारपीट

गोरखपुर। गोरखपुर में पेट्रोल-डीजल किल्लत की भारी समस्या देखने को मिली। बुधवार सुबह से ही शहर के काली मंदिर मोहद्दीपुर स्थित पेट्रोल पंप बंद पड़ा रहा। वहीं धर्मशाला और टाउनहाल पर लंबी लाइनें नजर आई। लोग घंटे-दो घंटे से भीषण गर्मी में पेट्रोल पंप पर खड़े रखकर परेशान होते हुए दिखाई दिए। तमाम लोग गैलन और बॉटल लेकर डीजल लेने आए थे।

## कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने सड़क दुर्घटना में दिखाई संवेदनशीलता



**तमसा संकेत, संवाददाता**

**योगी सरकार के मंत्री ने काफिला रोक बच्चों को तत्काल पहुंचाया अस्पताल**

कानपुर देहात। झांसी की ओर जाते समय प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कानपुर देहात क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए स्कूली बच्चों की तत्काल सहायता की। जनपद कानपुर देहात में सिंगूर नदी के पास मावर शरीफ गांव में एक स्कूली बस की आमने-सामने से एक ट्रक से टक्कर हो गई। उसी दौरान मंत्री दारा सिंह चौहान का काफिला वहां से गुजर रहा था। दुर्घटना को देखकर उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर बच्चों का हाल-चाल जाना। कारागार मंत्री ने अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन को निर्देश देते हुए घायल बच्चों को तत्काल अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था कराई। उनकी तत्परता एवं संवेदनशीलता के चलते बच्चों को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा सकी। सौभाग्यवश दुर्घटना में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। 2 बच्चों को मामूली चोट आई थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित बताए गया हैं।

## बाराबंकी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बारहसिंगा घायल

बाराबंकी। बाराबंकी की रामनगर तहसील के अमोली कला ग्राम पंचायत में बुधवार को एक बारहसिंगा अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। खेतों के पास घायल अवस्था में मिले इस राजकीय पशु को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मानवता और वन्य जीव संरक्षण का परिचय देते हुए तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीण आदित्य तिवारी ने सबसे पहले घायल बारहसिंगा को देखा और अन्य ग्रामीणों को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से घायल बारहसिंगा का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करते हुए बारहसिंगा को अपने संरक्षण में ले लिया। इस सराहनीय कार्य में रविन्दु शुक्ला, सुमित शुक्ला गोरे, गोविंद राजपूत, राकेश शुक्ला, बृजेश यादव और आदित्य तिवारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## दीवार काटकर बाहर निकाले गए लोग, सफल मॉकड्रिल पर अफसर बोले-सब ठीक है

# गोरखपुर में आग भड़कने पर एनडीआरएफ का ऑपरेशन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर में जिला प्रशासन को मानबेला स्थित अंबेडकर पार्क के कम्युनिटी सेंटर में आग लगने और भवन का हिस्सा टूटने की सूचना मिली। बताया गया कि कई लोग अंदर फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, SDRF, NDRF और नागरिक सुरक्षा की टीमें मौके के लिए रवाना हो गईं। राहत टीमों को जल्दी पहुंचाने के लिए यातायात पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया।

दरअसल, यह पूरा घटनाक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर कराई गई मल्टी हजार्ड मॉक ड्रिल का हिस्सा था। NDRF नई दिल्ली के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के 10 और मध्य प्रदेश के दो जिलों समेत कुल 12 जिलों में यह अभ्यास कराया गया। गोरखपुर में सुबह 5:30 बजे NDRF कंट्रोल रूम की ओर से जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को काल्पनिक हादसे की सूचना दी गई थी।



**मॉक ड्रिल का निरीक्षण डीआइजी एनडीआरएफ वाराणसी मनोज कुमार ने डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार पाल के साथ मौके पर पहुंचकर किया। कार्यक्रम का संचालन जिला आपदा विशेषज्ञ गौतम गुप्ता ने किया।**



### आग बुझाकर लोगों को बाहर निकाला गया

सूचना मिलते ही जिले में इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम लागू किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के नेतृत्व में पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व, SDRF और नागरिक सुरक्षा की टीमों को मौके पर भेजा गया। NDRF ने यह भी देखा कि अलग-अलग विभाग कितनी जल्दी घटनास्थल तक पहुंचे और आपस में कैसे काम किया।

फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। भवन की पहली और दूसरी मंजिल पर फंसे लोगों को सीढ़ी के सहारे नीचे उतारा गया। SDRF और नागरिक सुरक्षा की टीमों ने घायलों को स्ट्रेचर से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।

## 2 की मौत, सभी डिवाइडर किनारे चाय पी रहे थे, कंटेनर के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकाला

# मथुरा में कंटेनर ने 4 लोगों को रौंदा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। मथुरा में दिल्ली-आगरा हाईवे पर एक बेकाबू कंटेनर ने 4 लोगों को रौंद दिया। मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे सभी लोग सड़क किनारे बैठकर चाय पी रहे थे। इसी दौरान दिल्ली से आगरा की ओर जा रहे कंटेनर का चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

कंटेनर पहले डिवाइडर से टकराया, फिर रेलिंग तोड़ते हुए सड़क किनारे बैठे लोगों को कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने ड्राइवर को पकड़ लिया। कंटेनर के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकाला।

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कंटेनर को भी कब्जे में ले लिया है। हादसा गोविंद नगर थाना क्षेत्र का है।



ललित, मृतक

### हादसे में दो की मौत, दो गंभीर घायल

हादसे में मरने वालों की पहचान चंदौली थाना क्षेत्र के छाता निवासी ललित (27) पुत्र जगदीश के रूप में हुई है, जबकि एक मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस हादसे में घायल हुए लोगों में छाता निवासी होमगॉर्ड तेजपाल (45) पुत्र बासुदेव और एटा जिले के गंगनपुर गांव निवासी विकास (22) पुत्र महेंद्र शामिल हैं। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। उनका इलाज अस्पताल में जारी है।

### यूपीपी की तैयारी कर रहा था ललित

मृतक ललित के जीजा कुलदीप चौधरी ने बताया- मेरा साला ललित इलाहाबाद में रहकर UPP की तैयारी कर रहा था। मंगलवार रात वह इलाहाबाद से आया था। उसे लेने के लिए उसका दोस्त एटा निवासी विकास आया था। दोनों चौधरी कैंटीन के पास बैठकर चाय पी रहे थे। इसी दौरान एक कंटेनर आया और उन्हें रौंद दिया। इस हादसे में वहां बैठे दो अन्य लोग भी चपेट में आ गए। विकास को सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने आगे बताया- ललित की 2 जुलाई को शादी तय थी। डीग के पास गांव खोरी विल्सन में उसकी शादी होनी थी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर भागने लगा, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और बैठा दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में ले लिया।



कंटेनर के नीचे कई घायल लोग फंस गए। मौके पर मौजूद लोग उन्हें बचाने के लिए जोर-जोर से मदद की गुहार लगाने लगे।

## गांव दलौता में 29वें विश्व शांति श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। चौमुहां ब्लॉक के अंतर्गत गांव दलौता स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 महंत हनुमान दास जी महाराज के सानिध्य में 29वें विश्व शांति श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। यज्ञ के मुख्य आचार्य पं. निरंजन लाल शर्मा ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 18 मई को 151 कलश यात्रा के साथ विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव का महाअ-भिषेक किया जाता है, जिसके उपरांत वेद मंत्रों के साथ हवन-यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिक मास में दान एवं यज्ञ का विशेष महत्व माना गया है। महंत हनुमान दास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ से विश्व शांति एवं जनकल्याण होता है। इससे वातावरण शुद्ध होता है तथा देवी-देवता प्रसन्न होकर समय पर वर्षा करते हैं, जिससे किसानों की अच्छी पैदावार होती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से सुख-समृद्धि, धन-धान्य एवं संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है तथा अनेक प्रकार की बीमारियों और महामारी से भी रक्षा होती है। महायज्ञ में मुख्य आचार्य पं. निरंजन लाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, रामबाबू शर्मा, रामेश्वर शर्मा एवं श्याम सुंदर शास्त्री सहित अन्य ब्राह्मणों द्वारा वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन में मानसिंह मास्टर उर्फ मंगला, करुआ सिंह, नेत्रपाल सिंह, गुड्डू सिंह, भोपाली सिंह, मानवेंद्र सिंह, पवन सिंह, बृजमोहन सिंह, रघुगों सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग मिल रहा है।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### इटली की सड़कों ...

इसके बाद, सोशल मीडिया पर एक बार फिर 'मेलोडी' (Meloni+Modi = Melodi) ट्रेंड कर रहा है।

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इन तस्वीरों को शेयर किया है। इन खास तस्वीरों में भारत-इटली की मजबूत होती दोस्ती और दोनों नेताओं के बीच की सहजता साफ देखी जा सकती है। पहली दो तस्वीरों में पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी एक बालकनी से रोम शहर के खूबसूरत नजारों को निहारते और गहरी बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी अपने चिर-परिचित नीले रंग के लिबास में हैं, जबकि मेलोनी पीच रंग के खूबसूरत और सौम्य परिधान में हैं। एक तस्वीर में दोनों नेता कार की पिछली सीट पर बैठे हैं और कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुरा रहे हैं। यह तस्वीर दोनों के बीच की बेहतरीन व्यक्तिगत बॉन्डिंग को दर्शाती है।

कोलोसियम का ऐतिहासिक नजाराः एक अन्य तस्वीर रात के समय की है, जहां दोनों नेता रोम की सबसे भव्य और प्राचीन इमारत 'कोलोसियम' के सामने खड़े होकर पोज दे रहे हैं।

यह यात्रा केवल इन शानदार तस्वीरों तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नए मुकाम पर ले जाने का एक बड़ा अवसर है।

### मोदी ने मेलोनी को...

G20 और दूसरे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में दोनों नेताओं की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद यह शब्द इंटरनेट मीम और ट्रेंड बन गया। इसी

### आरएसएस के लोगों ...

जो आर्थिक दीवार उन्हें खड़ी करनी थी, नहीं की। मजाक चल रहा है। देश में बिजनेस बंद हो रहे हैं।

राहुल दो दिन के दौरे पर 19 मई (मंगलवार) को रायबरेली पहुंचे थे। बुधवार दोपहर 2 बजे रायबरेली से अमेठी आए। यहां संजय गांधी अस्पताल में मरीजों से मुलाकात की। इसके बाद दिल्ली रवाना हो गए। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद राहुल 6 बार रायबरेली आ चुके हैं। यह उनका 7वां दौरा है। इससे पहले, वे 19 जनवरी 2026 को रायबरेली आए थे।

राहुल के गद्दार वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा- यह उनकी अराजकतावादी मानसिकता को दिखाता है। मैं मानता हूं कि आप भारतीय राजनीति के राहु हैं, जो देश की राजनीति को दूषित करते हैं। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा- राहुल गांधी रिजेक्टेड माल हैं।

### संविधान बचाने के...

और पक्षपात अपने आप में अन्याय का सबसे बड़ा रूप है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि आरक्षण केवल व्यवस्था नहीं बल्कि वंचित और पिछड़े समाज का संरक्षक है। यह समानता स्थापित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर सरकार बुलडोजर चलाना ही चाहती है तो उसे समाज में फैली गैरबराबरी की ऊंची-नीची जमीन को समतल करने के लिए इस्तेमाल करे और वंचितों को उनका संवैधानिक हक दे। उन्होंने कहा कि भारत के हजारों वर्षों के इतिहास में समाज दो हिस्सों में बंटा रहा। एक ओर वर्चस्ववादी वर्ग था और दूसरी ओर वंचित समाज। B. R. Ambedkar ने स्वयं सामाजिक भेदभाव और अन्याय को झेला था, इसलिए उन्होंने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था देकर सामाजिक बराबरी का रास्ता तैयार किया।

### सीजेआई के बयान ...

CJI ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा।

मैनिफेस्टो जारी, 5 वादे - अगर CJP यानी कॉकरोच जनता पार्टी सरकार में आती है तो रिटायरमेंट के बाद किसी भी CJI को राज्यसभा जाने का रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। अगर कोई वैध वोट डिलीट किया जाएगा, तो मुख्य चुनाव आयुक्त को UAPA में गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि किसी के वोटिंग का अधिकार छीनना आतंकवाद से कम नहीं।

महिलाओं के लिए 50% का आरक्षण होगा, न कि 33%. इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50% आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।'

### अभिजीत आप में काम ...

मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे Gen Z और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने CJP बना ली।

### अमेरिकी संसद में ...

फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है।

### एक्ट्रेस ट्विशा केस ...

उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। वहीं, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने भी मामले की जांच CBI से कराने की मांग उठाई है। ट्विशा के फरार पति समर्थ सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जा चुका है। न्यायाधीश अनुदित शर्मा की कोर्ट ने आदेश में लिखा कि प्रदेश के बाहर दूसरा पोस्टमॉर्टम कराने की अनुमति देना उनके अधिकार क्षेत्र की बात नहीं है। लिहाजा, कटारा हिल्स थाने के एसएचओ को बॉडी प्रिजर्व कराने के लिए आदेशित किया जाता है। भोपाल एम्स की जिस मर्चुरी में बॉडी को रखा गया है, वहां केवल मायनस 4 डिग्री तापमान में शव रखने की सुविधा है। इससे बॉडी अधिकतम 4-5 दिन ही सर्वाइव कर सकती है।

### ईंधन संकट गहराया...

सुबह से ही कार और बाइक सवार लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं।कई जगह घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को निराश लौटना पड़ रहा है। सीमित मात्रा में उपलब्ध ईंधन कुछ ही वाहनों तक पहुंच पा रहा है।

### आपूर्ति व्यवस्था पर ...

ईंधन की कमी के कारण ऑटो, टैक्सी और निजी वाहन संचालन प्रभावित हुआ है। कई चालक अपने वाहन खड़े रखने को मजबूर हैं। छोटे कारोबार और सप्लाई चेन पर भी असर पड़ने लगा है, जिससे स्थानीय बाजारों में गतिविधियां धीमी हो गई हैं।

